प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

0000

पीएम–किसान निधि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के लगभग 9 करोड़ 80 लाख किसानों को योजना की 19वीं किश्त जारी की है। प्रधानमंत्री ने बिहार के भागलपुर में हुए एक कार्यक्रम में बटन दबाकर 22 हजार 7 सौ करोड़ रूपए से अधिक की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसानों का कल्याण केंद्र सरकार की प्राथमिकता है और उनके उत्थान के लिए पिछले दस वर्षों में अनेक योजनाएं शुरू की गई है।

राजीव बिंदल

इस बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त जारी कर उन्हें मजबूत बनाने का बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के 8 लाख 30 हजार 4 सौ 95 किसान भी लाभान्वित हुए हैं। बिंदल ने बताया कि 6 वर्षों से निरंतर किसानों के खाते में हर वर्ष 6 हजार रूपए डालने का ये निर्णय किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने का काम कर रहा है।

महाशिवरात्रि

महा शिवरात्रि का पर्व कल देश सहित प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया जाएगा। मंडी में एक सप्ताह तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय महाशिवरात्रि का विधिवत शुभारंभ कल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। इस अवसर पर आज बड़ा देव कमरूनाग के मंडी आगमन पर महा शिवरात्रि की पारंपरिक शुरूआत हो जाएगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि सफलता के लिए ज्ञान ही नहीं कौशल भी जरूरी है। यह बात उन्होंने कल कांगड़ा जिला के आरनी विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में बतौर विशेष अतिथि के रूप कही।

धर्माणी ने विद्यार्थियों से विकसित भारत 2047 और आत्मनिर्भर हिमाचल 2027 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में अपना बहुमूल्य योगदान देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश दिए।

लोकार्पण

देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर सर्वोच्च बलिदान अंगीकार करने वाले सोलन ज़िला के चायल स्थित राष्ट्रीय मिलिट्री विद्यालय के पांच पूर्व छात्रों की याद में शेर दिल स्मारक का आज लोकार्पण किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि इसका लोकार्पण पंजाब, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश के सब एरिया कमांडर एवं विद्यालय के लोकल बोर्ड ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन के चेयरमैन मेजर जनरल जे.एस. मांगट विशिष्ट सेवा मेडल द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर वीर शहीदों के परिजनों की गरिमामयी उपस्थिति में उनकी प्रतिमाओं का अनावरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन महान योद्धाओं की जीवनी और उनकी शौर्य गाथा को इन स्मारकों पर अंकित किया जाएगा। जिससे विद्यालय के वर्तमान और भविष्य के छात्र प्रेरणा ले सकें।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हए है। इस सीजन के दौरान प्रदेश में सामान्य से लगभग 69 फ़ीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आज से प्रदेश में बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आज देर शाम से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसका असर 28 फरवरी तक प्रदेश भर में देखने को मिलेगा। इस दौरान 26 और 27 फरवरी को प्रदेश के विभिन्न इलाकों में भारी बारिश बर्फबारी होने की संभावना है। इसको लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने तीन जिलों चंबा, कुल्लू, और कांगड़ा में ऑरेंज और अन्य जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।

इस बीच कागड़ा उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार जिले के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है और लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया गया है। उन्होंने सभी नागरिकों व पर्यटकों से नदी–नालों के किनारे न जाने की अपील की है।